दिनांक 22.06.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र में न हो जलभराव इसलिए नालियों की सफाई के साथ ही वार्डों से निकाला जा रहा है बरसाती पानी, निगम का अमला जूटा निकासी व्यवस्था सुगम करने में

भिलाईनगर। बारिश के पानी से कहीं भी जलभराव की स्थिति न हो इसके लिए निगम का स्वास्थ्य अमला जुटा हुआ है। ग्रीष्म ऋतु में निगम क्षेत्र के नालों एवं नालियों की सफाई वृहद स्तर पर की जा चुकी है! वर्तमान में हो रहे बारिश को देखते हुए सभी वार्डों के छोटे-बड़े नाली की सफाई की जा रही है ताकि पानी बिना कोई अवरोध निकल सके। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर समस्त जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में सफाई कर्मी सुबह से ही वार्डों के भीतर नाली से पानी निकासी करने झिल्ली, पन्नी व कचरे को निकालने में जुटे हुए हैं। कल से हो रही बारिश के बाद निगम क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थिति न हो इसके लिए विभागीय अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है। बारिश पूर्व नाली व बड़े नालों की जेसीबी से सफाई हो जाने से जलभराव की शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है! भिलाई निगम प्रशासन बारिश के पानी को सुगमता से तालाब व बड़े नालो तक बिना अवरोध पहुंचा सके इसलिए नाले व वार्डों के भीतर जल निकासी वाले सभी नालियों की सफाई कराई जा चुकी है। रविवार से हो रही बारिश के मद्देनजर निगम के सफाई कर्मी आज सुबह से वार्डों के नाली से झिल्ली , पन्नी एवं अन्य कचरो को निकालने का कार्य कर रहे हैं! बरसाती पानी को निकालने की सुगम व्यवस्था बनाने के लिए सफाई कर्मियों ने वार्डो के भीतर नाली का निरीक्षण करते हुए , निकासी की व्यवस्था न होने वाले स्थलों से कच्चा रास्ता बनाकर नालियों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं! नाली के जलप्रवाह को बनाए रखने जोन 01 वार्ड 04 राधिकानगर आश्रय स्थल के पास, राधिकानगर रोड, वार्ड 06 शंकरपार जिम के पास नाली, इंदिरा नगर, ललित कबाड़ी के पास नाली, वार्ड 05 गौतम नगर बाजार के पास, सब्जी मार्केट, ईमाम बाड़ा चौक, वार्ड 09 पुरानी बस्ती के पास नाली, चांदनी चौक से मिनीमाता चौक के किनारे नाली , पंप हाउस से दिव्या स्टोर के गली की नाली, खम्हरिया में नहर का कचरा निकाला गया , वार्ड 08 सनातन नगर सड़क 28 के पास, कांट्रक्टर का ॅलोनी, वार्ड 05 तिरंगा चौक, राजेन्द्र प्रसाद चौक के पास नाली से झिल्ली पन्नी व अन्य कचरा निकालते हुए निकासी को सुगम बनाया गया। जोन 02 वैशालीनगर के अंतर्गत वार्ड 18 व वार्ड 19 के बीच तालाब किनारे बड़ी नाली की सफाई की गई , वार्ड 16 में एकता चौक के पास सड़क के दोनों ओर की नाली से पानी निकासी करने का कार्य किया गया , वार्ड 26 बुद्ध विहार के पास, वार्ड 10 इंदू आईटी स्कूल के नाले से फंसे कचरे को निकाला गया , वार्ड 13 व वार्ड 15 के बीच गुरूनानक मार्केट के पास नाली की सफाई की गई। जोन 04 शिवाजी नगर के वार्ड 29 में बापूनगर, वार्ड 32 के भीतरी गलियों के नालियों से कचरा निकाला गया , वार्ड 33 में बैक लाइन की सफाई , वार्ड 35 में जाम नाली से कचरा

निकाला गया, वार्ड 36 में एमपीआर रोड, मदरसा बस्ती, वार्ड 38 सरदार मोहल्ला, रेलवे पटरी के नाली की सफाई की गई।